# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**अतारांकित प्रश्न**

## 22 फरवरी 2024

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### सड़कों का निर्माण करना

41 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ठाठर से गोबिंदपुर तक पक्की सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

### सड़कों की मरम्मत करना

42 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव टोका (नगर निगम, पंचकुला) से टांगरी पुल तक नव निर्मित सड़क उखड़ गई है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बिजली तारों के स्थान पर केबल लगाना

43 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जिला पंचकुला को इनवर्टर मुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में बिजली तारों के स्थान पर केबल लगाने का कोई प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त केबलों को कब तक लगाए जाने की संभावना है?

----

## अमले की कमी

44 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अमले की भारी कमी है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त अस्पतालों में स्वीकृत संख्या के अनुसार कब तक अमले को नियुक्त किए जाने की संभावना है?

----

## गलियों तथा सड़कों की मरम्मत करना

45 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क)अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 तक नूहं शहर की सड़कों की सफाई तथा कचरा इकट्ठा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(ख) उक्त कार्य पर सरकार द्वारा खर्च की गई राशि कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

तथा

(ग) क्या नूहं शहर में क्षतिग्रस्त गलियों तथा सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

## बाई-पास तथा विश्रामगृह का निर्माण करना

46 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुन्हाना तथा पिनगवां क्षेत्रों के भूमि मालिकों ने अपनी भूमि पर बाई-पास बनाने की अनुमति दे दी है; यदि हां, तो सरकार द्वारा कार्य को आरंभ करने में देरी करने के कारण क्या हैं तथा उक्त कार्य के कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा पुन्हाना क्षेत्र में विश्रामगृह का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है; यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

47 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या जिला नूहं से अलवर की सीमा तक गुरुग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग -248ए को

चार मार्गीय करने के कार्य को आरंभ तथा पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़क पर स्थित मालब, आकेड़ा तथा भादस इत्यादि गांवों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/ पुनःनिर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत, जब तक एन. एच. 248ए को चार मार्गीय करने का कार्य आरंभ नहीं होता, के कार्य को कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## जन संवाद कार्यक्रमों का ब्यौरा

48 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) उन जिलों के नाम क्या हैं जिनमें वर्ष 2023 में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए थे तथा उनका स्थान क्या है;

(ख) उक्त कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है जिनमें माननीय मुख्यमंत्री ने भाग लिया तथा इस पूरे कार्यक्रम में कुल कितनी राशि खर्च हुई तथा लेखाशीर्ष का नाम क्या है जहां से उक्त खर्च किया गया तथा उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ग) उन मंत्रियों तथा सत्ताधारी पार्टी के विधायकों के नाम क्या हैं जिन्होंने उपरोक्त कार्यक्रमों में भाग लिया तथा उनके कार्यक्रमों के स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त कार्यक्रमों में विपक्ष के विधायकों को सरकार ने आमंत्रित किया है; यदि हां, तो निमंत्रण किसके द्वारा दिया गया था तथा उनको निमंत्रण कैसे दिया गया; तथा

(ड) यदि नहीं, तो विपक्षी दल के विधायकों को निमंत्रण न दिए जाने के कारण क्या हैं?

----

## गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर खर्च राशि

49 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम की योजना पर सरकार द्वारा वर्ष-वार कुल कितनी राशि खर्च की गई है तथा उस योजना का नाम क्या है तथा लेखाशीर्ष का पूरा ब्यौरा क्या है जिससे उक्त राशि खर्च की गई थी?

----

## मुख्यमंत्री की घोषणा का ब्यौरा

50 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री ने दिनांक 14 जून, 2022 को जाट महाविद्यालय, रोहतक में रैली के दौरान नगर निगम, रोहतक को रूपये 120 करोड का अनुदान देने की घोषणा की थी;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त अनुदान नगर निगम, रोहतक को जारी कर दिया गया है तथा उस कार्य का नाम क्या है जिसके लिए उक्त अनुदान का उपयोग किया गया था तथा उन पर कार्य-वार खर्च की गई राशि कितनी है तथा उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उक्त अनुदान से पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में कितने कार्य प्रगति पर हैं तथा कितने कार्य लंबित हैं तथा उनकी वास्तविक स्थिति का सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## विकास कार्यों के लिए मंत्रियों तथा विधायकों को अनुदान

51 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य में विकास कार्यों के लिए मंत्रियों तथा विधायकों को किसी प्रकार का अनुदान दिया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों के निष्पादन के लिए फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक को दिए गए अनुदानों की संख्या कितनी है तथा पूरे हुए कार्यों तथा लंबित कार्यों के संख्या कितनी है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

----

**हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का ब्यौरा**

52 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2016 में 6 मार्च से 8 मार्च तक गुरुग्राम में हैपनिंग हरियाणा के नाम से एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित हुआ था; यदि हां, तो उपरोक्त समिट का उद्देश्य क्या है;

ख) हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर कुल कितना खर्च हुआ तथा मदों का नाम वार तथा राशि वार पूरा ब्यौरा क्या है जिन पर उक्त खर्च किया गया; तथा

ग) इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने वाली कंपनियों की संख्या कितनी है तथा वर्ष 2016 के बाद हैपनिंग हरियाणा समिट में आये निवेश का ब्यौरा क्या है ?

----

## अधिकारियों की दोषसिद्धि तथा सजा का ब्यौरा

53 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक भ्रष्टाचार के मामलों का ब्यौरा क्या है जिनमें सक्षम आपराधिक न्यायालयों द्वारा दोषी ठहराया गया है; तथा

ख) राज्य में प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों का नाम वार तथा पद वार ब्यौरा क्या है जिन्हें 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराया गया तथा सजा सुनाई गई है?

----

## रिफंड घोटाले का ब्यौरा

54 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग में रुपए 70 करोड के रिफंड घोटाले के संबंध में कोई शिकायत सरकार को प्राप्त हुई है; यदि हां, तो उस शिकायत पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई;

ख) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग में रुपए 70 करोड़ के रिफंड घोटाले का ब्यौरा क्या है जिसमें ई.सी.आई.आर. दर्ज की गई तथा ई.डी. द्वारा छापे मारे गए हैं;

ग) वर्ष 2015 में सर्वोच्च न्यायालय के फर्जी आदेशों के अंतर्गत रुपए 70 करोड़ की कीमत

के फर्जी भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान घोटाले में दोषी घोषित व्यक्तियों की सूची क्या है; तथा

घ) क्या ई.डी. ने रुपए 70  करोड़ के घोटाले का संज्ञान लिया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

55 **श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या सरकार की एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने वाले 33 फीट तथा 22 फीट के रास्तों को पक्का करने की कोई योजना है; तथा

ख) निम्नलिखित रास्तों को अब तक  पक्का न किए जाने के कारण क्या हैं:-

(i) टीटो खेड़ी से दरियापुर रास्ता;

(ii) नारा से दरियापुर; तथा

(iii) सुताना से भादड?

----

## चारे की कमी की समस्या का समाधान करना

56 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) गत् 3 वर्षों का गौ आयोग का वर्षवार बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वास्तविक खर्चे क्या हैं तथा वर्तमान वर्ष में जनवरी, 2024 तक खर्च कितना है;

ख) क्या स्थान की उपलब्धता के अनुसार गौशाला/नंदी शाला की क्षमता निर्धारित करने के लिए कोई सर्वे किया गया है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

ग) सरकार द्वारा चारे की कमी की समस्या का समाधान करने के लिए क्या पग उठाए गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## गांवों में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध करवाना

57 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में 10000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों की संख्या कितनी है तथा जिलेवार गांवों का नाम क्या है जहां सरकार द्वारा सीवरेज प्रणाली उपलब्ध करवाई गई है; तथा

ख) राज्य में 10000 व्यक्तिओं या अधिक जनसंख्या वाले सभी गांवों में सीवरेज प्रणाली कब तक लगाए जाने की संभावना है?

----

## ठोस कचरा प्रबंधन के लिए समाधान

58 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य की ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन पर व्यापक समाधान उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

----

## अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित लोगों को सशक्त करना

59 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गत 5 वर्षों के दौरान राज्य में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित लोगों को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा वर्षवार क्या कार्रवाई की गई है?

----

## विद्यालयों का दर्जा बढ़ाना

60 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः

क) जींद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में राजकीय उच्च विद्यालय, अमरहेड़ी तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, हैबतपुर का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है; तथा

ख) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा हैबतपुर विद्यालय का दर्जा बढ़ाने की घोषणा की गई थी; यदि हां, तो इस विद्यालय का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## फुटपाथ का निर्माण करना

61 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी शहर के क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709-ई आरसीसी रोड के दोनों तरफ मित्तल पेट्रोल पंप से रेलवे ओवर ब्रिज लोहारू रोड तक फुटपाथ बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## नाले में पाइप लाइन बिछाना

62 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी शहर में फैंसी चौक से दादरी गेट तक नाले में पाइप लाइन बिछाकर जल निकासी की व्यवस्था बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त पाइपलाइन के कब तक बिछाए जाने की संभावना है?

----

## धर्मशाला या चौपाल के निर्माण के लिए निधि जारी करना

63 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नगर पालिका क्षेत्र में धर्मशाला या चौपाल इत्यादि के निर्माण के लिए निधि जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि नगर परिषद द्वारा एस.सी., बी.सी. धर्मशाला का निर्माण किया जा सके तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## खिलाड़ियों को नौकरियां और नगद राशि प्रदान करना

64 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या ओलंपिक, एशियाई, राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नौकरियां और नगद पुरस्कार देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) पदक विजेता खिलाड़ियों को लंबित नगद पुरस्कारों का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से दी गई नौकरियों का ब्यौरा

65 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) सितंबर, 2019 से आज तक राज्य में हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सरकार द्वारा दी गई नौकरियों की श्रेणीवार कुल संख्या कितनी है; तथा

ख) आज तक राज्य में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से दी गई नौकरियों का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

----

**बसों की कमी को पूरा करना**

66 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी गांव में रोडवेज बस सेवा उपलब्ध है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इनके समय क्या हैं;

ख) क्या खानपुर महिला विश्वविद्यालय तक केवल लडकियों के लिए बस सेवा है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत जिले में बसों की कमी है; यदि हां, तो बसों की कमी को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति चुनाव का ब्यौरा**

67 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए कितने वोट बनाए गए हैं; तथा

ख) क्या हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए सरकार द्वारा कोई समय निर्धारित किया गया है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## गऊ उपकर की राशि

68 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली)**:

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) सरकार द्वारा शराब पर लगाया गए गऊ उपकर की राशि कितनी है तथा अब तक एकत्रित की गई राशि कितनी है तथा गऊ उपकर से उत्पन्न राजस्व से गायों के कल्याण के लिए खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है; तथा

ख) डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

----

## हाई टेंशन तारों को बदलने/हटाने के लिए

69 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली)**:

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आवासीय/ व्यावसायिक संपत्तियों पर हाई टेंशन तारों को बदलने/हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का ब्यौरा

70 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पूर्णरूप से कार्यरत, अच्छी स्थिति के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है;

ख) क्या डबवाली के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली/ पानी/शौचालय/ रसोई कार्यरत है; यदि नहीं, तो उन आंगनबाड़ी केन्द्रों का ब्यौरा/ डाटा क्या है जो उक्त सुविधाओं से सुसज्जित नहीं है; तथा

ग) डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है जो स्थाई वर्कर और हेल्पर के बिना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक ट्रैक का निर्माण करना

71 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव खारवन के स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक ट्रैक का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त ट्रैक कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## एस. सी. चौपाल के नए भवन का निर्माण करना

72 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव खारवन में एस. सी. चौपाल के भवन की इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उक्त चौपाल के नए भवन का निर्माण करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त भवन कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य को पूरा करना

73 **श्री सीता राम यादव (अटेली)ः**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राजकीय महाविद्यालय, अटेली के ऑडिटोरियम का कार्य पिछले 5 वर्षों से लंबित पड़ा है तथा इसको कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों के रिक्त पदों को भरना

74 **श्रीमती गीता भुक्कल (झज्जर)ः**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) राज्य में 2019 से खोले गए आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी हैं तथा इसका जिलेवार ब्यौरा क्या है;

ख) राज्य में आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों के रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा

ग) क्या उपरोक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## प्ले वे स्कूलों की संख्या

75 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में 2019 से स्थापित प्ले वे स्कूलों की संख्या कितनी है तथा इसका जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन प्ले वे स्कूलों में कार्यरत आंगनवाड़ी वर्कर/हेल्पर का वेतनमान/मानदेय कितना है; तथा

(ग) झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्ले वे स्कूलों की संख्या कितनी है?

----

## मॉडल संस्कृति विद्यालयों का ब्यौरा

76 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) मॉडल संस्कृति विद्यालय की अवधारणा क्या है तथा ये विद्यालय अन्य विद्यालयों से कैसे भिन्न हैं;

(ख) झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मॉडल संस्कृति विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ग) प्रत्येक विद्यालय में छात्रों की संख्या कितनी है; तथा

(घ) इन विद्यालयों में (विद्यालय-वार) नियुक्त अध्यापकों तथा अध्यापकों की रिक्तियों की संख्या कितनी है?

----

## खेल स्टेडियम का निर्माण करना

77 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) मुख्यमंत्री की घोषणा क्रमांक 24354 दिनांकित 6.11.2018 के तहत ग्राम पिचोपा कलां में बनने वाले खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है;

(ख) दादरी जिले में गांव चांदवास, झोझू कलां, मकडाना, अचीना तथा छप्पार के राजीव गांधी खेल स्टेडियमों का नवीनीकरण तथा मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या गांव नांधा में खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## जिला विकास भवन का निर्माण करना

78 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गांव बाढ़डा तथा हंसावास खुर्द की नवगठित ग्राम पंचायतों के लिए जनसंख्या के

आधार पर दिए गए बजट की राशि (एस.एफ.सी. और एफ.एफ.सी.) कब तक उपलब्ध कराई जाने की संभावना है; तथा

(ख) दादरी में प्रस्तावित जिला विकास भवन (जिला परिषद कार्यालय) का निर्माण कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

**पशु औषधालय का दर्जा बढ़ाना**

79 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या पशुपालन और डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या बाढ़डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव नांधा तथा नौरगांबास राजपूतान के पशु औषधालय का दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां तो, उक्त पशु औषधालय का दर्जा कब तक बढ़ाया जाने की संभावना है;

(ख) क्या गांव कारी रूपा में पशु औषधालय के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) गांव गोठड़ा, आर्य नगर, बिलावल, पिचौपा खुर्द, मांढ़ी केहर, झिंझर, चिड़िया, बिगोवा, कादमा, चान्दवास, धनासरी और खेड़ी बूरा के पशु औषधालयों और अस्पतालों के जीर्ण-शीर्ण भवन का पुनर्निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**जल घरों की भंडारण क्षमता बढ़ाना**

80 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गांव बधवाना, कलाली, श्यामकलां, चंदेनी तथा खेड़ी सनवाल के जलघरों का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त गांव के

जलघरों का नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है;

(ख) गांव मंदौली, संतोखपुरा तथा मकडानी के जलघरों का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि गांव के जलघरों में नहर से जलापूर्ति समय अवधि प्रत्येक 24 दिनों के समय अंतराल के बाद 8 दिन थी जिसे बढाकर 32 दिनों का समय अंतराल कर दिया गया है; यदि हां, तो क्या जलापूर्ति के समय अवधि में बदलाव के बाद गांव के जल घरों की भंडारण क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा बाढडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों के नाम क्या है जिनमें जल घरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 22 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**